भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि भवन, नई दिल्ली

**फाइल सं. 20(10)/2022-अवार्ड** **दिनांक: 16 अक्टूबर, 2025**

## परिपत्र

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, जो देश की सर्वोच्च अनुसंधान संस्था है, पिछले दस दशकों से कृषि के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान, उच्च शिक्षा और विस्तार शिक्षा का समन्वय कर रहा है । भा.कृ.अनु.प. ने खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार प्रणाली (NAREES) का केंद्र है जिसमें अनुसंधान संस्थान और कृषि विश्वविद्यालयों का नेटवर्क है। कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका खाद्य सुरक्षा और सततता सुनिश्चित करने के लिए नए ज्ञान के विकास में बहुत महत्वपूर्ण रही है। कृषि वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट और अद्वितीय योगदानों को पहचानने की आवश्यकता है जिससे वे दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकें। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय कृषि विज्ञान पुरस्कार (RKVP) की स्थापना की गई है जो कृषि, कृषि शिक्षा, विस्तार और संबंधित विज्ञानों के क्षेत्र में वैज्ञानिकों और तकनीकी कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा।

ऐसे उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित करने के लिए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा राष्ट्रीय कृषि विज्ञान पुरस्कार (आरकेवीपी) – 2026 के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो कृषि, कृषि शिक्षा, विस्तार एवं संबद्ध विज्ञानों के क्षेत्र में सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है। यह पुरस्कार निम्नलिखित पाँच श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा:

### I. कृषि और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और प्रौद्योगिकी

इस श्रेणी में उन कृषि वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने प्रभावशाली नवाचार और प्रौद्योगिकियों का विकास किया है।

### II. कृषि और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान

इस श्रेणी में कृषि वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के उत्कृष्ट योगदानों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने कृषि और संबंधित विज्ञानों में महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य किया है।

### III. कृषि, कृषि शिक्षा, विस्तार और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में अंतर-विभागीय टीम अनुसंधान

यह पुरस्कार विशेष रूप से उन अंतर-विभागीय टीमों को दिया जाएगा जिन्होंने एकीकृत कार्यक्रमों या परियोजनाओं की योजना बनाई और उन्हें कार्यान्वित किया, जिससे यह समझ विकसित हो कि प्रभावी और उपयोगी अनुसंधान सामान्यतः अंतर-विभागीय दृष्टिकोण से ही संभव होता है।

**IV. कृषि, कृषि शिक्षा, विस्तार और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट महिला वैज्ञानिक**

यह पुरस्कार उन महिला वैज्ञानिकों को दिया जाएगा जिन्होंने कृषि अनुसंधान, विस्तार और नवाचार कार्य में उत्कृष्ट योगदान दिया है और महिला वैज्ञानिकों को कृषि और संबंधित विज्ञानों के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**V. कृषि और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिक**

यह पुरस्कार युवा वैज्ञानिकों को दिया जाएगा जिन्होंने कृषि और संबंधित विज्ञानों में किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है।

उपरोक्त राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के विस्तृत दिशा-निर्देश गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किए गए हैं तथा पुरस्कार पोर्टल (Puraskar Portal) पर उपलब्ध हैं।

पात्र व्यक्ति/टीमें अपनी आवेदन ऑनलाइन https://awards.gov.in पर 1 जनवरी, 2026 से 15 मार्च, 2026 के बीच जमा कर सकते हैं।

16.10.2025

**(अनिल कुमार)**
**सहायक महानिदेशक(समन्वय)**

**वितरण:**

1. **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी प्रभाग**
2. **पीडी डीकेएमए को आईसीएआर की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ**
3. **ई ऑफिस नोटिस बोर्ड**

नोट: सभी संबंधित व्यक्ति आवश्यकतानुसार इस परिपत्र की प्रति डाउनलोड / प्रिंट कर सकते हैं क्योंकि परिपत्र की भौतिक प्रतियां वितरित नहीं की जा रही हैं।